दैनिक भास्कर
रोपड़ भास्कर 13-11-2025

# छात्राओं ने सिसवां डैम की संरचना के बारे में जानकारी हासिल की



मोरिंडा| बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह खालसा गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण सिसवां डैम का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक टूर का उद्देश्य छात्राओं को प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के महत्व से अवगत करवाना था। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान छात्राओं ने सिसवां डैम की संरचना, जल संरक्षण प्रणाली तथा उसके आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार ऐसे बांध क्षेत्र के जलस्तर को संतुलित रखने और आस-पास के इलाकों की सिंचाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।